हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 1 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

9 जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण ..




10 ठगी के तीन आरोपी किए गिरफ्तार विदेश गया ...



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी को सोमवार अदालत में पेश किया गया है। पुलिस टीम गश्त मे मौजूद थी। दौराने गश्त गांव ईस्माइला के बस स्टैंड के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान नीरज निवासी ईस्माइला के रुप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है।

### तीन युवक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने किराए के मकान में अवैध रुप से शराब बेच रहे तीन युवको को गिरफ्तार किया है। मकान से कुल 93 बोतल शराब बरामद हुई है। आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। प्रभारी थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि सुशील के नेतृत्व मे पुलिस टीम गश्त पर थी। गश्त के समय गांव से सूचना मिली की किरयाणा स्टोर एकता कॉलोनी के सामने गली मे स्थित किराये के मकान मे तीन युवक अवैध रुप से शराब बेचने का काम कर रहे है। तीन युवको को काबू किया गया। युवको की पहचान रविश निवासी बरियापुर बस्ती मंगेर बिहार, रणजीत निवासी कटहरा भागलपुर बिहार व विकास निवासी फुलबडिया भागलपुर बिहार के रुप मे हुई।

### लोजपा ने रोहतक विस अध्यक्ष नियुक्त किए



**रोहतक।** लोकजन शक्ति पार्टी (र) की मीटिंग सोमवार को पार्टी कार्यालय में हुई। जिसमें जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने रोहतक के विधान सभा का अध्यक्ष मिथलेश पांडेय को और महम का जितेंद्र सहारण को नियुक्त किया। नव नियुक्त अध्यक्षों ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरा जाएगा। मीटिंग में जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, सचिव अजित श्रीवास्तव, पार्टी के वरिष्ठ नेता रामाआधार सिंह, गौरव , सचिन ,प्रमोद वकील, संजय, हरिचंद्र, रमेश चौबे मौजूद रहे।

### हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी

**रोहतक।** देशभर में चल रही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना नागरिकों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। सरकार की ओर से सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त होगी, जिससे प्रति वर्ष लगभग 15 हजार से 18 हजार रुपये की बचत होगी।



### परीक्षाओं को लेकर केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू

**रोहतक।** जिला मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा चार से 14 जुलाई तक आयोजित की जाने वाली सीनियर सेकेंडरी (अध्यापक) एवं सेकेंडरी (अध्यापक) पूर्ण विषय/ कम्पार्टमेंट/ पुनर्मूल्यांकन परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा के आदेश जिलाधीश द्वारा जारी किए गए। परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर पाबंदी रहेगी।

---

### एक लाख के इनामी संदीप लोहार को बागपत में यूपी एसटीएफ ने किया ढेर

# पत्नी का आरोप-खेतों से उठाकर ले गई पुलिस, एनकाउंटर नहीं, यह हत्या

## ट्रक ड्राइवरों का करता था शिकार, 4 चालकों की कर चुका हत्या

- कबाड़ी से अपराधी बना था संदीप लोहार
- यूपी पुलिस के मुताबिक एक लाख का इनाम था संदीप पर
- हत्या व लूटपाट व अन्य वारदातों में शामिल रहा है भैणी महाराजपुर का संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एक लाख का इनामी अपराधी संदीप लोहार की हत्या पर उसकी पत्नी ने आरोप लगाया की यूपी पुलिस संदीप को भैणी महाराजपुर गांव के खेतों से उठाकर ले गई और फर्जी एनकाउंटर में हत्या कर दी। महम थाना प्रभारी के नाम लिखी शिकायत में संदीप की पत्नी ज्योति ने कहा है कि यूपी पुलिस ने उसके पति के साथ फर्जी मुठभेड़ दिखाई है। यूपी पुलिस उसके पति संदीप को भैणी महाराजपुर गांव के खेतों से पकड़कर ले गई थी और उनको यूपी थाना में आने को कहा था। लेकिन यूपी पुलिस ने उसके पति की फर्जी तरीके से एनकाउंटर दिखाकर हत्या कर दी। ज्योति ने कहा है कि उसके पति के एनकाउंटर बारे निष्पक्ष जांच की जाए। फर्जी एनकाउंटर दिखाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जाए। उन्होंने कहा जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा वह चैन से नहीं बैठेंगे।


महम। संदीप। फाइल फोटो।

ज्ञात हो की ट्रक ड्राइवरों की हत्या कर माल सहित ट्रक लूटने के आरोप में कुख्यात हो चुके भैणी महाराजपुर गांव के संदीप लोहार का यूपी पुलिस ने 29 जून की रात को बागपत में एनकाउंटर कर दिया। बागपत के जिला अस्पताल में उपचार के दौरान संदीप ने दम तोड़ दिया। साढ़े 36 साल के संदीप के एनकाउंटर की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। संदीप के परिजनों ने यूपी पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर के आरोप लगाए हैं। उधर यूपी पुलिस ने पत्रकारों को जारी बयान में बताया कि यूपी एसटीएफ की नोयडा इकाई को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि उत्तर प्रदेश में सामान के साथ ट्रकों को लूटने वाला एक गैंग सक्रिय है और वह गैंग अब बागपत में आया हुआ है। नोयडा एसटीएफ ने बागपत पुलिस से संपर्क किया।

#### 15 मई को 4 करोड़ की निकल प्लेट लूटने की वारदात को अंजाम दिया

यूपी पुलिस का कहना है कि संदीप थाना पनकी इलाके में लूट की वारदात में वांछित था और यूपी पुलिस ने इस पर एक लाख का इनाम भी रखा हुआ था। पुलिस का आरोप है कि उसने कानपुर में ट्रक से चार करोड़ रुपए कीमत की निक्ल प्लेट भी लूटी थी। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि हाल ही में 15 मई को संदीप ने अपने गिरोह के साथ मिलकर चार करोड़ की निक्ल प्लेट लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। संदीप हाइवे पर ट्रकों को लूटने का एक गैंग चलाता था। इसने चार से अधिक ऐसे ट्रक ड्राइवरों को मारकर उनके ट्रक लूट लिए थे, जो माल से भरे हुए थे।

#### यूपी, महाराष्ट्र और हरियाणा में 16 मामले दर्ज

इसके खिलाफ लूट व हत्या आदि के करीब 16 केस दर्ज हैं। ये केस यूपी महाराष्ट्र और हरियाणा में पंजीकृत हैं। ग्रामीणों के मुताबिक संदीप एक अच्छा पहलवान भी था। वह स्नातक पास था और जेबीटी कोर्स भी किया हुआ था। संदीप शादीशुदा है और उसके तीन लड़की और एक लड़का समेत चार बच्चे हैं। तीन माह पहले ही उसकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है। यूपी पुलिस को शिकायत देने के लिए संदीप के परिजन महम थाना पहुंचे। लेकिन पुलिस ने उन्हें वापस भेज दिया।

#### पहली बार हिसार में की थी ड्राइवर की हत्या

पुलिस के मुताबिक, संदीप के खिलाफ दूसरा मामला साल 2013 में हिसार में दर्ज हुआ। संदीप ने जिंदल स्टील कंपनी के बाहर से दिल्ली की मैपल कंपनी के ट्रक चालक अगवा कर लिया था। ट्रक में 30.89 लाख रुपए का स्टील का माल था। कई दिन बाद यह ट्रक लावारिस हालत में जींद के पास मिला था। इस ट्रक से सारा सामान गायब था। ट्रक के अंदर ही ड्राइवर का शव भी बरामद हुआ था। पुलिस ने जब इस मामले की जांच की तो संदीप का नाम सामने आया।

#### कबाड़ी से अपराध की दुनिया में रखा कदम

भैणी महाराजपुर निवासी संदीप शुरूआत में गांव में ही कबाड़ी का काम करता था। इस दौरान कुछ ट्रक वाले उसे कबाड़ बेच कर चले जाते थे। इस वजह से उसकी बड़े कबाड़ियों से जान पहचान हो गई थी। धीरे-धीरे करके वह ट्रक चालकों की हत्या कर उनका ही सामान लूटने लगा। उसके खिलाफ 2012 में कलानौर थाने में फर्जी दस्तावेज बनाने, धोखाधड़ी और षड़यंत्र करने का दर्ज हुआ था। इसमें उस पर आरोप लगाया गया था कि जिस ट्रक को वह चला रहा था, उसी का सामान बेच दिया।

#### ट्रक ड्राइवरों से लिफ्ट लेता खाना खिलाकर लूट लेता

पुलिस का दावा है कि जब संदीप ने अपराध की दुनिया में कदम रखा तो उसने सबसे पहले ट्रक ड्राइवरों का ही निशाना बनाना शुरू किया। इसके पीछे कारण था कि वह खुद ट्रक ड्राइवर था और ट्रक चालकों के बारे में हर बात जानता था। वह ट्रक ड्राइवरों से लिफ्ट लेता, खाना खिलाकर उनका भरोसा जीत लेता था। इसके बाद मौका पाकर किसी तरह से ड्राइवरों की हत्या कर देता था। हत्या के बाद वह ट्रक में मौजूद कीमती सामान लूटकर फरार हो जाता था।

#### 2014 में गुरुग्राम में तीसरी वारदात करते हुए हत्या की

इसके बाद संदीप ने लगातार वारदातें की। 2014 में गुरुग्राम में तीसरी वारदात करते हुए हत्या की। चौथा मामला हिसार के हांसी के सदर थाने का है। जहां पर छह अक्टूबर को एक ट्रक चालक की हत्या कर सामान लूट लिया था। 2015 में रोहतक में हत्या की वारदात को अंजाम दिया। फिर 2016 में गुरुग्राम में चोरी और हिसार में दो अलग-अलग लूट की घटनाओं को अंजाम दिया।

#### बागपत के जिला अस्पताल ली अंतिम सांस

पुलिस ने गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में फायरिंग की। पुलिस की गोली एक बदमाश संदीप पहलवान उर्फ संदीप लोहार को लग गई। गोली लगने के बाद घायल बदमाश को बागपत के जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान संदीप पुत्र सतबीर जिला रोहतक के रूप में हुई है।

---



*मेडिकल यूनिवर्सिटी को मिली बड़ी उपलब्धि*

## पीजीआई के डॉ. दुआ का पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स में फेलोशिप के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोहित दुआ ने चिकित्सा जगत में एक और उपलब्धि अपने नाम की है। स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा उन्हें पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स में प्रतिष्ठित फेलोशिप के लिए चयनित किया गया है। इस फेलोशिप के तहत डॉ. मोहित दुआ ने देश के प्रमुख अस्पतालों फोर्टिस हॉस्पिटल, गुड़गांव एवं रेनबो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, दिल्ली में प्रसिद्ध डॉक्टर मनोज पैडमैन के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया। डॉ. दुआ ने बताया कि इस फेलोशिप के लिए देशभर से केवल दो डॉक्टरों का चयन हुआ है, जिनमें से एक वह स्वयं हैं। डॉ. दुआ ने बताया कि फेलोशिप के दौरान उन्होंने बच्चों की हड्डियों से जुड़ी जटिल बीमारियों का अध्ययन और उपचार विधियों को गहराई से समझा। उन्होंने कहा कि फ्लैट फुट के इलाज के लिए ईओटीटीएस और घुटने की समस्या के लिए पीईटीएस तकनीक के माध्यम से एक ही स्क्रू से बेहतर सुधार संभव हुआ है। उन्होंने धनुषाकार पैरों, बच्चों में एवीएन कूल्हा (पर्थेस रोग), हिप डिस्प्लेशिया, एससीएफई, कंधे की एर्ब्स पॉल्सी, कोहनी की क्यूबिटस वेरस एवं वेलगस स्थिति, ट्रिगर फिंगर तथा अंगूठे से जुड़ी बीमारियों पर विशेष काम किया।

#### पीजीआई के लिए भी गौरव का क्षण

डॉ. मोहित दुआ का मानना है कि यह फेलोशिप न केवल उनके लिए एक व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि पीजीआईएमएस और मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यक्षेत्र में बच्चों की सभी प्रकार की हड्डी से जुड़ी चोटों और फ्रैक्चर का उपचार शामिल है और इस फेलोशिप से प्राप्त अनुभव को वे अपने रोगियों के उपचार में उपयोग करेंगे।

---

## प्रतिबंधित नशीली दवाइयों सहित एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर प्रतिबंधित नशीली दवाइयों सहित युवक को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। आरोपी से कुल प्रतिबंधित 50 टेबलेट ब्यूप्रेनॉरफिन बरामद हुई है। आरोपी के ख़िलाफ़ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई हैं। आरोपी को अदालत में सोमवार पेश किया गया है।

प्रभारी थाना सांपला निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी शहर सांपला मे तैनात सहायक चन्द्रपाल के नेतृत्व मे पुलिस टीम गश्त में मौजूद थी। गश्त के समय सूर्य नगर गिझी रोड बंद रेलवे फाटक सांपला के पास रेलवे स्टेशन सांपला की तरफ से पैदल आ रहे युवक को शक



के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान राकेश निवासी सांपला के रुप में हुई। तलाशी लेने पर प्रतिबंधित टेबलेट के 5 पत्ते जो कुल 50 टैबलेट बुप्रेनोरफिन की बरामद हुई है। उक्त दवाईया एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित नशीली दवाइयों की श्रेणी में आती है। आरोपी उक्त प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के संबंध में कोई लाईसेंस व परमीट पेश नहीं कर सका।

### बैंकों व पंचायत विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत में आयोजित किए जाएंगे शिविर: उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त ने बताया कि वित मंत्रालय भारत सरकार के वितीय सेवा प्रभाग द्वारा 16 जून को जारी निर्देश की अनुपालना हेतु वितीय समावेशन अभियान एक जुलाई से 30 सितम्बर के लिए बैंकों एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से शुरू होने वाले इस अभियान के तहत जिले की प्रत्येक पंचायत में कैंप का आयोजन कर सभी पात्र ग्रामीणों के वितीय समावेशन के अंतर्गत चलाई जा रही सभी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिसमे जन-धन खातों का खोलना व निष्क्रिय खातों को दोबारा चालू करना, प्रधानमंत्री सुरक्षा एवं जीवन ज्योति बीमा योजनाओं व अटल पेंशन योजना का पंजीकरण संबंधित सेवाएं मौके पर ही प्रदान की जाएगी।

### नगर निगम ने सफाई को लगाया बट्टा




**रोहतक।** नगर निगम सफाई अभियान चलाने के दावे कर रहा है। लेकिन शहर के हालात कुछ और ही बता रहे हैं। शायद ही ऐसा कोई चौक हो, जहां सुबह से शाम तक गंदगी न पड़ी रहती हो। शांत मई चौक के पास पड़ी गंदगी से लोगों का आना जाना भी दूभर हो गया है। *फोटोः अनिल चहल*

---

### हरिभूमि ने 23 नवंबर 2024 के अंक में रिसर्च स्कॉलर की पीड़ा को प्रमुखता से उठाया था

# एमडीयू: यौन उत्पीड़न के आरोपित प्राध्यापक नौकरी से बर्खास्त, रिसर्च स्कॉलर ने दी थी शिकायत

*8 शिक्षिकाओं के उत्पीड़न पर निदेशक को भी हटाना पड़ा था पद से*

- विश्वविद्यालय के गुरुग्राम सेंटर निदेशक को भी गत वर्ष 8 शिक्षिकाओं द्वारा उत्पीड़न के आरोप लगाने पर पद से हटाया गया था

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च (इमसॉर) के प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार को सोमवार को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। ये निर्णय कार्यकारी परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। यहां ये महत्वपूर्ण है कि पीड़ित महिला स्कॉलर के इस मामले को हरिभूमि ने 23 नवंबर 2024 के अंक में प्रकाशित करके उनकी दुख-दर्द को देश-दुनिया से साझा किया था। इसके बाद मामले की जांच में तेजी आई थी। ध्यान रहे कि इमसॉर की रिसर्च स्कॉलर(जेआरएफ) ने अपने पीएचडी गाइड पर अनैतिकता और उत्पीड़न के संगीन आरोप सितंबर-अक्टूबर 2024 में लगाए थे। स्कॉलर की मांग थी कि उनका गाइड बदला जाए। शिकायती पत्र में बताया गया था कि उनके गाइड अपने ऑफिस में द्विअर्थी शब्दों में बात करते हैं। बात नहीं करती हूं तो दबाव डालते हैं। कई बार बुरी नीयत से छूने का प्रयास किया। शिकायत में कहा गया कि एक बार मैं कार में बैठी थी, इसी दौरान गलत व्यवहार करने की कोशिश की गई। उसके बाद उनकी गाड़ी में बैठना बंद कर दिया। पत्र में कहा गया था कि आरोपी सुपरवाइजर ने यहां तक धमकी दी कि इमसॉर के किसी भी शिक्षक को आपकी पीएचडी पूरी करने में मदद नहीं करने दूंगा।


पीएचडी सुपरवाइजर पर महिला रिसर्च स्कॉलर ने लगाए संगीन आरोप

हरिभूमि में प्रकाशि खबर

#### दिए थे पुख्ता सबूत

स्कॉलर ने विवि को सुपरवाइजर/गाइड की रिकॉर्ड बातें भी सौंपी थी। जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि मेरा व्यवहार अनैतिक था। भविष्य में ऐसा व्यवहार न करने और उन्होंने अतीत में हुई सभी घटनाएं दोबारा से ना हो, इसके लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन ने जांच के आदेश दिए थे। शिकायत पर इंटर्नल कमप्लेट्स कमेटी ने आरोपों को सही पाया तो आरोपी को तुरंत निलंबत कर दिया था। इसके बाद सुपरवाइजर के खिलाफ सोमवार 30 जून को ईसी ने कठोर कार्रवाई की। ताकि समाज में ये संदेश जाए कि एमडीयू में महिलाओं का यौन शोषण करने वालों के खिलाफ कड़ा एक्शन होता है। कुछ साल पहले भी छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के मामले में ही फार्मास्यूटिकल साइंस के एक शिक्षक को नौकरी से बर्खास्त किया गया था।

#### पीड़िता नहीं झुकी तो मिला न्याय

विश्वविद्यालय द्वारा जब इस अति गंभीर मामले की जांच शुरू हुई तो स्कॉलर पर तरह-तरह के दबाव आरोपी शिक्षक ने बनाने शुरू कर दिए। आरोपी ने ऐसे व्यक्तियों से संपर्क साधा, जो स्कॉलर के काफी नजदीकी थे। आरोपी को उम्मीद थी कि मध्यस्थ वाले लोग किसी भी तरह से स्कॉलर की शिकायत को वापस करवा दें। लेकिन स्कॉलर की हिम्मत को दाद दी जानी चाहिए कि वे अनेक दबावों के बावजूद भी टस से मस नहीं हुई। सूत्र तो बताते हैं कि स्कॉलर को आर्थिक प्रलोभन समेत धमकियां तक दी गई। लेकिन उन्होंने शिकायत लेने से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता के पति चट्टान की तरह उनके साथ खड़े रहे। इसी वजह से पीड़िता ने हार नहीं मानी।

#### शिक्षिकाएं भी होती हैं उत्पीड़न का शिकार

स्कॉलर द्वारा इस तरह के आरोप लगाना कोई ये पहला मामला नहीं है। गाहे-बगाहे एमडीयू में पीएचडी गाइड पर र ऐसे आरोप लगते रहे हैं। शिक्षकों पर केवल छात्राएं ही अनैतिकता के आरोप नहीं लगा रही हैं। बल्कि पिछले दिनों एमडीयू के गुरुग्राम सेंटर के एक शिक्षक पर नवंबर 2024 में एक शिक्षिका ने भी उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। मामले की जांच करवाई गई और आरोपी को पद से हटाया गया। उत्पीड़न के आरोप एक नहीं, आठ शिक्षिकाओं ने जड़े थे। कुल 10 महिला शिक्षक थी। जो आरोप लगाए थे, वे सही साबित हुए तो विश्वविद्यालय ने सेंटर के निदेशक को पद से हटाना पड़ा।

---



*ग्वालियर में शानदार प्रदर्शन, प्रतिद्वंद्वियों को दी शिकस्त*

## पुरुष व महिला फ्लोरबाल टीम फेडरेशन कप सेमीफाइनल में

**रोहतक।** इंडियन फ्लोरबाल फेडरेशन द्वारा आईटीएम यूनिवर्सिटी, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में 29 जून से 1 जुलाई 2025 तक आयोजित किए जा रहे 10वें फ्लोरबाल फेडरेशन कप में हरियाणा की महिला और पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

महिला वर्ग में हरियाणा की टीम ने अपने पूल के मुकाबलों में दमदार खेल दिखाया। पहले मैच में राजस्थान को 5-0 के बड़े अंतर से हराया, वहीं दूसरे मुकाबले में उत्तर प्रदेश को 7-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग में हरियाणा ने लगातार तीन मुकाबलों में जीत दर्ज की। पहले मैच में मेजबान मध्यप्रदेश के साथ कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें हरियाणा ने 6-4 से जीत हासिल की।

इसके बाद महाराष्ट्र के खिलाफ खेले गए मैच में 7-1 से शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मैच में हरियाणा ने आंध्रप्रदेश को एकतरफा मुकाबले में 9-0 से पराजित कर अपनी सेमीफाइनल दावेदारी को और मजबूत किया। दोनों वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले 1 जुलाई को सुबह के सत्र में खेले जाएंगे। हरियाणा की टीमों के इस शानदार प्रदर्शन से राज्य के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।


हरिभूमि सहेली



# लव स्कैम
## इस धोखेबाजी से बचें

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल
**अनीता जैन**



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है।

# शादी के बाद जब बेटा-बहू रहना चाहें अलग

अगर बेटे की शादी के बाद बहू से आपकी नहीं निभ रही है, घर में कलह का माहौल रहता है तो बेहतर यही होगा कि बेटे-बहू को अलग रहने की इजाजत दे दें। यह दोनों के हित में है।

सलाह
**नम्रता नदीम**



अमित की शादी हुई तो पत्नी नमिता ने कुछ ही महीने बाद अलग रहने का डिसीजन ले लिया। नमिता को शिकायत थी, सास का बिहेवियर बहुत बुरा रहता है। वह बात-बात पर टोकती हैं। नमिता को अपने जीवन में सास की जरा-सी भी दखलअंदाजी पसंद नहीं थी। एक महीने तो किसी तरह नमिता ने सास के साथ एडजस्ट किया, लेकिन दो महीने के बाद ही वह अमित के साथ अलग किराए का घर लेकर रहने लगी।

**बहू को चाहिए आजादी:** यह देखा जा रहा है, नई नवेली दुल्हन जो आजाद ख्याल की होती है, उसे अपने जीवन में सास-ससुर का हस्तक्षेप बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होता। वह उनसे अलग रहना चाहती है। यहां यह समझने वाली बात है कि अगर सास-ससुर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, घर में उनका ख्याल रखने के लिए दूसरे सदस्य हैं तो उन्हें अपने बेटे के सुखी दांपत्य जीवन के लिए अलग रहने का निर्णय स्वीकार लेना चाहिए। बेटे की शादी के बाद अगर उसकी पत्नी और पैरेंट्स के बीच खींचतान रहती है, घर में कलह का माहौल रहता है, ऐसे में समझदारी यही है कि वे अलग जाकर रहें। शादी के बाद अगर बहू अलग रहना चाह रही है तो माता-पिता दुखी, परेशान न हों। बेटे के घर से अलग रहने में कोई बुराई नहीं है। इसकी चिंता न करें कि कौन क्या कहेगा?

**व्यावहारिक सोच रखें:** बेटे-बहू के अलग रहने की बात से कई लोग असहमत हो सकते हैं। उनका तर्क हो सकता है कि बेटे की शादी हम किसलिए करते हैं, ताकि परिवार में सब लोग मिलकर एक-दूसरे के साथ प्यार से रहें। यह उन घरों के लिए तो सही होता है, जहां बहू का मन सास-ससुर के साथ रहने, उनकी सेवा करने और उनके साथ एडजस्टमेंट करने का होता है। लेकिन जिन लड़कियों की सोच सास-ससुर से अलग घर लेकर पति के साथ रहने की होती है, तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। बहू को सास-ससुर के साथ अगर घर में रहने से तनाव रहता है, बेटे की शादीशुदा जिंदगी पर ही नहीं बल्कि परिवार के बाकी सदस्यों पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है, बेटे-बहू इतना कमाते हैं कि वो आराम से बाहर किराए पर घर लेकर रह सकते हैं तो उन्हें अलग रहने की इजाजत दे देनी चाहिए। इस मामले में व्यावहारिक सोच रखें।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** अलग रहने पर अगर बेटे-बहू खुश हैं तो आपको भी खामोशी से अपनी खुशी की राह तलाश लेनी चाहिए। इसमें दोनों तरफ से एक-दूसरे को सहयोग देने की भावना होनी चाहिए। अपने सुख-दुख बांटें, सुबह-शाम फोन पर बात करें। जब जरूरी हो, एक-दूसरे को इमोशनल सपोर्ट दें। जब भी एक-दूसरे को उनकी जरूरत हो तो साथ जाकर रहें। इससे संबंध हमेशा बने रहेंगे।

**मदद लेने में न हिचकें:** यह कभी नहीं भूलें कि बेटे और बहू के साथ आपका करीबी रिश्ता है। एक-दूसरे के प्रति अधिकार और कर्तव्य इसमें इनबिल्ट है यानी, माता-पिता के सामने अगर कोई समस्या आती है, तो वे अपने बच्चों से मदद लेने में संकोच न करें और बेटा-बहू को भी अगर माता-पिता के मानसिक या फाइनेंसियल सपोर्ट की जरूरत है तो वे भी उनसे खुल कर कहें। याद रखें, आपने बेटे-बहू को अलग रहने की आजादी दी है, तो इस बदलाव को मन से स्वीकार करें, इसी में सबकी खुशी है।

**रह सकते हैं साथ भी:** जरूरी नहीं बहू-बेटा अपनी आजादी के लिए कहीं दूसरी जगह जाकर रहें। अगर आपको अपने बेटे से या आपके बेटे को आपसे ज्यादा लगाव है तो आप साथ में रह कर भी बेटे-बहू को पूरी आजादी दे सकते हैं।

**बनाए रखें रिश्ता:** बेटे के अलग हो जाने के बाद भी उससे रिश्ते बनाकर रखें। बेटे को पूरा सहयोग दें ताकि वह अपनी पत्नी के साथ अच्छी बॉन्डिंग बना सके। बेटा-बहू अलग रहते हैं, इसके बावजूद सभी लोग समय-समय पर एक-दूसरे से मिलते-जुलते रहें।

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन

स्किन केयर
**चेतना झा**

मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।



**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं।

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।

ओरल हेल्थ
**संध्या रानी**

अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।

**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की



संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।

**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद।



**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### केबिनेट मंत्री विज का कुशलक्षेम जाना

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने केबिनेट मंत्री अनिल विज से उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। विज पिछले कई दिनों से पैर की उंगली में तकलीफ के कारण रेस्ट पर थे। उन्होंने दर्द के बावजूद कार्यलय पहुंचकर एक हफ्ते से पेंडिंग जनहित के कार्यों को निपटाया। इसी जज्बे के कारण जनता ने उन्हें लगातार सात बार विधायक बनाया है।

### गांव पेलपा के खेतों से तार चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव पेलपा के खेतों में 220 वॉल्ट एलटी लाइन के 8 स्पैन के तार चोरी हो गए हैं। इसकी शिकायत निगम अधिकारियों ने पुलिस में की है। इसके साथ ही अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305 के तहत अभियोग अंकित किया है।

### आरएमसी मशीन की बैटरी खोल ले गए चोर

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के डिग्गी वाले रोड पर नाला निर्माण कर रहे ठेकेदार की आरएमसी मशीन की बैटरी शनिवार रात चोरी हो गई। ठेकेदार संजीत की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305 के तहत केस दर्ज किया है।

### राशन कार्डों की ई-केवाईसी करवाई

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-24 में विशेष कैंप लगाकर सामाजिक कार्यकर्ता यशपाल हिंदुस्तानी ने आमजन के राशन कार्डों की ई-केवाईसी करवाई। उन्होंने लोगों से जल्द राशन कार्ड की ई-केवाईसी करवाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं आपूर्ति विभाग और डिपो धारकों को ऐसे कैंप लगाकर लोगों के राशन कार्डों की ई-केवाईसी करवानी चाहिए।

### आज लगेगी बिजली अदालत

**बहादुरगढ़।** उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) द्वारा कार्यकारी अभियंता कार्यालय में मंगलवार 1 जुलाई को बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से एक बजे तक कार्यकारी अभियंता सभी उपमंडलों के उपभोक्ताओं की बिजली और बिल संबंधी समस्याओं (बिजली चोरी को छोड़कर) पर सुनवाई करेंगे।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** मंगलवार को उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा अधीक्षण अभियंता कार्यालय में बिजली अदालत व उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 बजे से एक बजे तक बिजली अदालत व 11 बजे से 2 बजे तक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम का आयोजन होगा। यह अदालत फोरम के चेयरमैन एवं बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता ऑप्रेशन सर्कल झज्जर की अध्यक्षता में होगी।

## समाधान शिविरों में सुनी जा रही आमजन की समस्याएं

# जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखें अधिकारीः धर्मेंद्र सिंह

जन समस्याओं का त्वरित समाधान कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक







**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रदेश की नायब सैनी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का निपटान करने के लिए सप्ताह में दो दिन जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शिकायतकर्ताओं को संतुष्ट करके ही घर वापिस भेजे।अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आमजन की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारी जन शिकायतें सुनते समय सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए शिकायतों का निवारण करवाएं।

उन्होंने बताया कि जन समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान शिविरों का उद्देश्य ही जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निवारण करवाना है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का निपटान करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान शिविर में आईं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई कर लोगों को राहत पहुंचाए। समाधान शिविर में रखी गई सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। सोमवार को समाधान शिविर में बिजली, पानी, सड़क, फैमिली आईडी, पेंशन, अवैध अतिक्रमण, आधार कार्ड सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अनेक शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। वहीं लंबित रहीं शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जल्द कार्यवाही कर संबधित विभाग के अधिकारियों को निवारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल तथा राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## समाज में समानता व सशक्तिकरण का प्रतीक मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिसमें अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71 हजार रूपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है और पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के व्यक्तियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 41 हजार रूपए अनुदान राशि दी जाती है। उन्होंने कहा सभी वर्गों की विधवा, अनाथ, तलाकशुदा, बेसहारा महिलाओं और उनके बच्चों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार रूपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

### छह माह के भीतर करवाएं पंजीकरण



उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक को अपनी बेटी के विवाह के बाद 6 माह के भीतर विवाह पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है। आवेदक पोर्टल पर जाकर विवाह पंजीकरण और मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

## राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप में हरियाणा ने जीते रजत पदक

- डॉ. दीपक भारद्वाज, देवेंद्र सैनी और वीर सिंह आर्य ने दिलाया हरियाणा को 10वीं सीनियर राष्ट्रीय मिनी गोल्फ में रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



रोहतक। डॉ दीपक भारद्वाज एडवोकेट, देवेंद्र सैनी एडवोकेट और वीर सिंह आर्य का रोहतक आगमन पर स्वागत करते हुए एस.के खटोड़ व अन्य सदस्य।

दसवीं सीनियर राष्ट्रीय मिनी गोल्फ चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र के नागपुर में 25 जून से 29 जून तक हुआ। जिसमें हरियाणा की टीम का रोहतक आगमन पर रोहतक इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के खटोड़ व आजाद बुधवार, वार्ड 8 से प्रदीप सैनी ,एस संजय बड़क अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया में स्वागत किया गया। टीम का नेतृत्व कर रहे हरियाणा के सचिव वीर सिंह आर्य ने बताया कि इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हरियाणा की ओर से वरिष्ठ खिलाड़ी एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एडवोकेट डॉ. दीपक भारद्वाज ने रजत पदक, सैनी शिक्षण संस्थान से जुड़े हुए देवेंद्र सैनी ने रजत पदक प्राप्त कर हरियाणा का नाम रोशन किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस चैंपियनशिप में भारत के 18 राज्यों ने हिस्सा लिया, जिसमें लगभग 400 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे। जिन्होंने अलग-अलग इवेंट्स जिसमें नॉकआउट, स्पीडऔर स्ट्रोक में महिला और पुरुषों ने अपनी अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। वही हरियाणा ने टीम इवेंट और डबल इवेंट में रजत पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया।

## पुलिस के 11 अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



**रोहतक।** सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को विदाई देते पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया व सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवी आर शशि शेखर। फोटो : हरिभूमि

पुलिस में कार्यरत 11 अधिकारी सोमवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। पुलिस कार्यालय में स्थित सभागार मे आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त हुए अधिकारियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवी आर शशि शेखर भी मौजूद रहे। डीएसपी रोहताश, निरीक्षक अशोक कुमार, हॉनरेरी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक आजाद सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक राजबीर, उप.नि जगबीर सिंह, हॉनरेरी निरीक्षक राजसिंह, मुख्य सिपाही बिजेन्द्र, मुख्य सिपाही हवासिंह, उप नि नरेन्द्र व सिपाही रणबीर सेवानिवृत्त हुए है। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों ने अपने जीवन के सबसे कीमती समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। पुलिस विभाग उनका हमेशा ऋणी रहेगा। पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर रहकर कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य किया है। पुलिस विभाग की नौकरी कठिन नौकरियों में से एक है। जवान के साथ-2 परिवार को भी संघर्ष करना पड़ता है। पुलिस विभाग में सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पुलिस विभाग में भी सहयोग देते रहे। एंटी करप्शन ब्यूरो मे कार्यरत रहे उप पुलिस अधीक्षक रोहताश ने 37 साल पुलिस विभाग मे कार्य किया है। मुख्य लिपिक, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक के पद पर तैनात रोहतक निवासी निरीक्षक अशोक कुमार ने 35 साल 9 माह से ज्यादा पुलिस विभाग मे कार्य किया है।

## वरिष्ठ नागरिक जन और दिव्यांगजनों के लिए पंजीकरण शिविर 3 जुलाई को होगा आयोजित

- डॉ आदित्य बत्रा ने हार्ट के मरीजों को दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम



महम नगर पालिका में 3 जुलाई को सुबह 9 बजे वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन कैंप लगाया जाएगा। पंजीकरण कार्यक्रम में हॉस्पिटल वेलफेयर सोसाइटी की चेयरपर्सन सुमनबाला मुख्यअतिथि होगी जबकि एसडीएम मुकुंद कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। पंजीकरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा। पंजीकृत लोगों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) द्वारा भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वॉकर, व्हीलचेयर, कान की मशीन, छड़ी, व्हीलचेयर कमोड सहित, सिलिकॉन फोन, तकिया, नीब्रेस, स्पाइनल स्पोर्ट, सरवाईकल कॉलर, फुट एयर किट आदि सहायक यंत्र व उपकरण निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा अधिकारिता मंत्रालय की योजना के तहत दिव्यांगजनों को बैटरी द्वारा चलित तिपहिया साइकिल, पहिया कुर्सी, बैसाखी, कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण दिए जाएंगे।

इसी प्रकार से दिव्यांगजनों को आय प्रमाण पत्र की प्रति जोकि 22500 रूपए प्रति माह या दो लाख 70 हजार रूपए वार्षिक से ज्यादा न हो। इसके अलावा यूडीआईडी कार्ड व आधार कार्ड की एक-एक फोटोकापी, एक पासपोर्ट साईज का फोटो व फैमिली आईडी की फोटो प्रति भी साथ लानी होगी। सोमवार को रेडक्रॉस सोसायटी रोहतक के सचिव श्यामसुंदर ने इस संबंध में एसडीएम से मुलाकात की।

### निःशुल्क जांच होगी

आंखों की जांच कर निशुल्क चश्मा दिए जाएंगे। सहायक यंत्र व उपकरण प्राप्त करने के लिए 60 वर्ष की आयु से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को आय प्रमाण पत्र की प्रति जोकि 15 हजार रूपए प्रतिमाह या एक लाख 80 हजार रूपए वार्षिक से ज्यादा न हो। इसके अलावा आधार कार्ड की फोटोकापी, फैमिली आईडी की फोटोकापी व एक पासपोर्ट साईज का फोटो भी साथ लाना होगा।



**रोहतक।** पुलिस लाइन में योग करते पुलिस अधिकारी व जवान। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस जवानों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पुलिस लाइन में सोमवार को जवानों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक अमित (आयुष विभाग) ने जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास कराया। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई। जवानो ने योग आसन का भी अभ्यास किया। योग से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। जवानो को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपायो बारे भी विस्तार से बताया। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थय का ध्यान रखे व रोज़ाना अपने लिए समय निकाल कसरत करने बारे सलाह दी। योग तनाव को कम करता है व बेहतर नींद देता है। योग और रोग प्रतिरोधक क्षमता एक दूसरे से जुडी हुई है। योग शरीर की हर कोशिका को स्वस्थ व और बेहतर बनाने की दिशा मे काम करता है। शरीर स्वस्थ व निरोग बनता है। योग करने से तनाव दूर होता है। मन व मस्तिष्क को शांति मिलती है। योग करने से दिल व दिमाग की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।



## शिवाजी कॉलोनी की मेन मार्केट में सनालों का मलबा बना हादसे का कारण

**रोहतक।** वार्ड नंबर 16 स्थित शिवाजी कॉलोनी की मेन मार्केट में नगर निगम की लापरवाही एक बड़ी समस्या बनकर सामने आ रही है। करीब 20 दिन पहले निगम की सफाई टीम द्वारा एक निजी होटल के सामने नालों की सफाई के लिए स्लैब को तोड़ा गया था, जिससे नालों की गहराई से सफाई हो सके। परंतु हैरानी की बात यह है कि स्लैब तोड़ने के बाद वहां फैला मलबा अभी तक उठाया नहीं गया। वहां पर कूड़ा करकट भी फैला रहता है। जिससे आमजन को काफी परेशानी होती है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि टूटा हुआ मलबा न सिर्फ उनकी रोजमर्रा की दुकानदारी में बाधा बना हुआ है, बल्कि इससे लोगों को आने-जाने में भी भारी परेशानी हो रही है। बाजार की सड़क सकरी हो गई है और गंदगी से वातावरण दूषित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि शाम के समय यहां भीड़ अधिक होती है और ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि इस इलाके में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। ना तो नियमित सफाई होती है और ना ही कचरे का समय पर उठाव। बदबू और गंदगी के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। यह इलाका मुख्य बाजार होने के कारण रोजाना सैकड़ों लोग यहां आते हैं, जिससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। मौके पर समाजसेवी धर्मराज, जसबीर कुमार, राजेंद्र, पंकज, साहिल, राजू, ओमप्रकाश और राजेश आदि मौजूद रहे।

### डॉक्टर्स-डे पर कार्यक्रम एमडीयू में आज

**रोहतक।** भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे मुख्यअतिथि-विधायक पवन खरखौदा होंगे गेस्ट ऑफ हॉनररोहतक। विश्व डॉक्टर्स डे के अवसर पर मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय(एमडीयू) रोहतक में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी मेडिकल काउंसिल , इटेलिका हर्बल रेमेडीज और ईएचकेडी फार्मा द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाएगा। ईएचएमसीएचआर के चेयरमैन डॉ. विनोद खनगवाल ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा चीफ गेस्ट होंगे, जबकि विधायक पवन खरखौदा गेस्ट ऑफ हॉनर होंगे। इनके अलावा डॉ. सुरेंद्र यादव और डॉ. राकेश शर्मा भी इस मौके पर गेस्ट ऑफ हॉनर होंगे। कार्यक्रम में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी में बेहतरीन काम करने वाले डॉक्टर्स को सम्मानित भी किया जाएगा।

## ताऊ देवीलाल पार्क में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, निःशुल्क दी दवाई

- 169 लोगों के बीपी शुगर की की जांच
- डॉ आदित्य बत्रा ने हार्ट के मरीजों को दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम में डॉ आदित्य बत्रा को स्मृति चिन्ह देते पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत व महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट के पदाधिकारी।

सेक्टर एक स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस मौके पर हॉली हार्ट के डॉक्टर्स की टीम उपस्थिति रही। डॉ आदित्य बत्रा की टीम ने 169 मरीजों को हार्ट व अन्य बीमारियों की जांच की। उन्होंने कहा कि शुगर से ही विभिन्न बीमारियां होती हैं, शुगर को कंट्रोल रख कर ही हम स्वस्थ रह सकते हैं। आज देश में शुगर बड़ी तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि अच्छा खान-पान व हर रोज मॉर्निंग वॉक पार्क में घूमने से विभिन्न बीमारियों से बचा जा सकता है। इस मौके पर उद्योगपति आरके जैन ने डॉक्टर्स टीम को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। सेक्टर एक स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया।इस मौके पर पूर्व पार्षद कदम सिंह अहलावत, ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सुशील जैन, दीपक गोयल, मुकेश बंसल, संजय गुप्ता, लोकेश जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पत्रकार हत्या मामले में पकड़ा गया आरोपी सात दिन के पुलिस रिमांड पर

- आपसी रंजिश के कारण प्लानिंग के तहत वारदात को दिया था अंजाम
- क्षेत्र की किसी कंपनी में लेबर सप्लाई को लेकर था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

सीआईए व थाना माछरौली की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र के गांव लुहारी में पत्रकार धर्मेंद्र की गोली मारकर हत्या करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मृतक धर्मेंद्र के पुत्र आशीष की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी अंकित पुत्र राकेश निवासी लुहारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिला पुलिस आयुक्त ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अंकित ने अपने साथी के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। वारदात में प्रयोग किया गया हथियार उसके साथी द्वारा लाया गया था। अंकित को पहले से ही पता था कि धर्मेंद्र हर रोज घूमने के लिए बाहर जाता है इसी बात का फायदा उठाते हुए अंकित अपने साथी के साथ खेत के रास्ते धर्मेंद्र के मकान के नजदीक पेट्रोल के नजदीक सड़क के किनारे पेड़ों में छुपकर बैठ गए जैसे ही धर्मेंद्र वहां पर आया तो अंकित ने उस पर गोलियां चला दी जो पहली ही गोली धर्मेंद्र के सिर में लगी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान अंकित ने धर्मेंद्र की हत्या करने का खुलासा किया है। आरोपी ने बताया कि दूसरा आरोपी सुमित उसका दोस्त है और उसने ही धर्मेंद्र की हत्या का प्लान बनाया था।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांगजनों को समर्पित पौधरोपण पखवाड़ा शुरू होगा

**रोहतक।** मदवि में मंगलवार से दिव्यांगजनों को समर्पित पौधरोपण पखवाड़े की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डॉ. शरणजीत कौर इस कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगी, जबकि एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे । कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि यह पहल न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि दिव्यांगजनों को सम्मान देने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की एक सकारात्मक कोशिश भी है।

### पेंशन के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहा दिव्यांग

**महम।** कस्बा महम के वार्ड 13 का निवासी वीरभान खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमा चुका है। लेकिन एक सड़क हादसे में वह दिव्यांग हो गया। साल 2023 में समाज कल्याण विभाग ने उसकी दिव्यांग श्रेणी की पेंशन भी बना दी। लेकिन छह महीने पूर्व बिना किसी पूर्व सूचना के और बिना कारण बताए, उसकी दिव्यांग पेंशन काट दी गई। वीरभान का कहना है कि उसके पास 100 प्रतिशत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र भी है।

### स्वास्थ्य विभाग से कर्मचारी सेवानिवृत्त

**सांपला।** स्वास्थ्य विभाग व विद्युत निगम में कर्मचारी को सोमवार विदाई दी गई। दोपहर को सांपला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एच एल वी बाला देवी को 37 साल के बाद सेवानिवृत हो गई। सीएमओ रेनू मलिक, एसएमओ रीटा गोयल, डॉक्टर कोमल, डॉ विशाल, डॉ धर्मेंद्र, डॉ, मनोज, डॉ सुजाता, डॉ देवेंद्र डबास सहित अन्य स्टाफ ने उपहार देकर विदाई दी। वहीं विधुत निगम के कर्मचारी पूर्णचंद 38 साल में सेवानिवृत्त हो गए।

---

### 56 एटीएम-15 पासबुक और 6 मोबाइल बरामद

# ठगी के तीन आरोपी किए गिरफ्तार विदेश गया भतीजा बनकर कॉल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने साइबर ठगी करने के मामले में 3 आरोपियों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी में प्रयोग सामान को बरामद किया। साइबर थाना पुलिस ने मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है, ताकि ठगी के अन्य मामलों को खुलासा किया जा सके।साइबर थाना के एसएचओ कुलदीप सिंह ने कहा कि 26 मई 2025 को खैराती लाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि एक मयंक नामक व्यक्ति ने विदेश में बैठा उसका भतीजा बनकर कॉल किया और कहा कि वह उसके अकाउंट में रुपए भेज रहा है, जिसकी नकली रसीद भी भेजी गई।

करीब 6 लाख रुपए आरोपी ने भेजने की बात कही। शिकायतकर्ता खैराती लाल ने बताया कि उसके बाद एक कॉल आई, जिसने खुद को बैंक अधिकारी बताया और कहा कि उसके खाते में 6 लाख रुपए आए हुए हैं, जो 24 घंटे में क्रेडिट हो जाएंगे। वहीं तीसरे व्यक्ति ने कॉल किया, जिसने कहा कि मयंक ने नंबर दिया है और उसे डेढ़ लाख की जरूरत है। मयंक ने उनके खाते में 6 लाख रुपए डाले है। इसके बाद उसने डेढ़ लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। मामले में हेड कांस्टेबल जयप्रकाश ने जांच करते हुए साइबर ठगी में शामिल 3 आरोपियों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया। आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

#### ये सामान किया बरामद



साइबर ठगी के आरोपियों से 56 एटीएम कार्ड, 15 पासबुक और चैक बुक, 7 सिम कार्ड, 6 मोबाइल बरामद किए है। इसके साथ ही आरोपियों के बैंक खातों से पता चला कि 10 शिकायत ठगी की दर्ज हो रखी है, जिसमें खाता नंबर का जिक्र किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

---

# 'मेरे गांव मुझे लौटा दो' गीत से शहरीकरण की अंधी दौड़ में लोगों को दिलाई गांव की याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्पंदन संस्था के द्वारा बीती शाम हरिकिशन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। रामधारी खटकड़ की अध्यक्षता में हुई इस काव्यगोष्ठी में मंच संचालन पवन गहलोत ने तथा संयोजन ममता शर्मा एवं अजय ने सम्मिलित रूप से किया। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने जीवन, प्रकृति, रिश्तों देशभक्ति व प्रेम विषयों अपनी रचनाएँ प्रस्तुत की। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें प्रतिष्ठित कवियों के साथ ही नए कवि भी शामिल रहे।

राष्ट्रीय गीतकार वीरेंद्र मधुर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में 'मेरे गांव मुझे लौटा दो' गीत के माध्यम से शहरीकरण की अंधी दौड़ में शामिल लोगों को अपने गांव की याद दिला दी। देशराज 'देश' ने अपने गीत के माध्यम से जीवन का महत्व कुछ इस प्रकार से बताया -

जीवन जी लो मिला है जीवन, जीवन जी लो तन-मन से, नाचो-गाओ खुशी मनाओ, करो ना शिकवा जीवन से। डॉ तरुणा सचदेवा ने भी अपनी कविता के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि हमें आसमान को छूना है तो उसके लिए जमीन से जुड़े रहना होगा।

रामधारी खटकड़ ने अपनी बुलंद आवाज में हरयाणवी गीत प्रस्तुत करते हुए देश की बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि

भगतसिंह की दुर्गा भाभी, तनै बणाणा चाहूं सूं, शहीदां नै इस देश के अन्दर फेर बुलाणा चाहूं सूं, भ्रष्टाचारी इस सिस्टम तै पिण्ड छुड़ाणा चाहूं सूं। युवा कवयित्री आंचल ने देश दुनिया की बदलते हुए हालातों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब तो जहां देखो वहां युद्ध के शंखनाद हो रहे हैं, ऐ खुदा, देख जरा, तेरी दुनिया के क्या हालत हो रहे हैं। युवा कवयित्री कृतिका ने जीवन में अच्छा और सार्थक बोलने महत्व बताते हुए कहा कि बोलो कुछ ऐसा कि आपका बोलना जात-पात की नींव को हिला सके, आपका एक आगाज किसी को उसका हक दिला सके। अतिरिक्त ममता शर्मा ने जीवन में प्रेम तथा पवन गहलोत ने संवाद के महत्व को बताते हुए अपने कविताएं सुनाईं। कार्यक्रम के अंत में अपनी अध्यक्षीय टिप्पणी में रामधारी खटकड़ ने स्पंदन संस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था नए रचनाकारों को मंच उपलब्ध करवाने के लिए सदैव प्रयास रहती है।



#### ये रहे मौजूद

हरिकिशन मेमोरियल स्कूल के संचालक नरेश बल्हारा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के नियमित आयोजनों से कलमकारों की एक नई पीढ़ी तैयार होती है। ये कार्यक्रम युवा पीढ़ी को नवसृजन के लिए प्रेरित करने के साथ ही उनमें कविता पाठ के लिए उपयुक्त आत्मविश्वास जगाने के लिए भी बेहद जरूरी हैं। कार्यक्रम में कनिका, धर्मवीर भी मौजूद रहे।

---

## मॉडल स्कूल महम प्रिंसिपल और वरिष्ठ अध्यापिका सेवानिवृत



**रोहतक।** मॉडल स्कूल महम में प्रिंसिपल राजेश नांदल और वरिष्ठ अध्यापिका संतोष शर्मा को सेवानिवृति दी गई। जिसमें मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के सचिव राजेश सहगल, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता और सभी ब्रांचेस के प्रिंसिपल डॉ अरुणा तनेजा , प्रवीण खुराना ,ऋतु मदान, नोमिता बत्रा और महम स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने राजेश नांदल और संतोष शर्मा के कार्यों की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भरे मन से विदाई दी। इसके साथ ही सचिव राजेश सहगल ने डॉ हिमांशु शर्मा को मॉडल स्कूल महम का अतिरिक्त कार्यभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दी।

---

# प्रो. राजेन्द्र ने अन्तर्राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी से लिया संन्यास

- प्रतियोगिता में भारतीय सीनियर पुरुष एवं महिला कुश्ती टीम ने भी भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय कुश्ती संघ ने (टर्की) में 26 से 30 जून 2026 तक होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिये महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सेवानिवृत सीनियर प्रोफेसर एवं खेल निदेशक राजेंद्र प्रसाद गर्ग का चयन बतौर रेफरी के रूप में किया था। इस प्रतियोगिता में भारतीय सीनियर पुरुष एवम महिला कुश्ती टीम ने भी भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में आज भारत के स्टार पहलवान अमन सहरावत ने गोल्ड मेडल, दीपक पुनिया ने ब्रॉन्ज मेडल ओर उदित ने सिल्वर मेडल जीता। प्रतियोगिता की सबसे बड़ी कुश्ती 125 भर वर्ग में जो जर्मनी और कजाकिस्तान के पहलवानों के बीच में हुई में प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग को यू डब्ल्यू डब्ल्यू डेलीगेट डेविड रॉक ने रेफरी नियुक्त किया।

कुश्ती के अंत में डेलीगेट ने प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग के संन्यास की घोषणा की जिसमें स्टेडियम में बैठे हजारों दर्शकों ओर विभिन्न देशों के 32 रेफरी ने सिटी ओर तालियां बजाकर प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग को भाव भीनी विदाई दी। इस प्रतियोगिता में प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग ने लगभग 40 से अधिक कुश्तियों में रेफरी और जज की भूमिका निभाई और उनके द्वारा दिए गए निर्णयों के खिलाफ एक भी चैलेंज स्वीकार नहीं हुआ। डेलीगेट ने प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग को प्रतियोगिता सर्वोत्तम रेफरी भी बताया। इस अवसर पर प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग ने भारतीय कुश्ती संघ, विश्व कुश्ती संघ, एमडीयू, रोहतक और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, विनोद तोमर, मेहरबान का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भारतीय कुश्ती टीम के कोच जगमिंदर, अनिल मान, नरेंद्र, पहलवान अमन सहरावत, दीपक पुनिया, उदित, विशाल, महिला कोच मंजीत सहयोगी रेफरी राजेंद्र नैन और कुमारी रितु ने विशेष बधाई दी।



**रोहतक।** अंतरराष्ट्रीय कुश्ती रेफरी प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग का स्वागत करते यू डब्ल्यू डब्ल्यू डेलीगेट डेविड रॉक।

#### ये रहे मौजूद

प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गर्ग 30 से भी ज्यादा बार जापान, थाईलैंड, बेलारुस, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कतार, इंडोनेसिया, चीन, किर्गिस्तान, सर्बिया, अजरबेजान, क्रोशिया, ब्राजील, फिलीपींस, कजाखस्तान, ताइवान, स्लोवाकिया, बुल्गारिया और तुर्की आदी देशों में भारत का प्रतिनिधित्व एशियाई, राष्ट्रमंडल, ओलिम्पिक, विश्व चैंपियनशिप आदि अनेकों प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

---

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**रोहतक।** एसआरएस स्कूल में 2 हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सामान्य सैन्य विषयों के प्रशिक्षण के साथ-साथ क्विज प्रतियोगिता और वॉली बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ रविन्द्र नांदल द्वारा जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण के लिए कैडेटों को प्रेरणादाई जानकारी के साथ शपथ भी दिलवाई गई। कैप्टन जगबीर मलिक ने एसएसबी के माध्यम से अधिकारी पद पर नियुक्त होने के लिए कैडेट को आवश्यक जानकारी एवं प्रोत्साहन प्रदान किया। क्विज प्रतियोगिता में महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय प्रथम स्थान पर रहा और जूनियर विंग में क्विज में जवाहर नवोदय विद्यालय फरुखनगर प्रथम स्थान पर रहा। प्रतियोगिताओं में कैडेटों का जोश एवं प्रदर्शन उत्कृष्ट स्तर का था।

---

## एससी और बीसी धर्मशालाओं में 75 प्रतिशत अनुदान पर लगाए जाएंगे सोलर पैनल

- हरेडा के माध्यम से सोलर प्लांट लगाने की योजना
- पहले आओ- पहले पाओ के आधार पर मिलेगा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग व हरेडा के माध्यम से उर्जा संरक्षण एवं सौर उर्जा को बढावा देने के लिए सभी सरकारी भवनों में ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाने की योजना है। उन्होंने बताया की प्रदेश सरकार द्वारा जिला की पंजीकृत अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग की धर्मशालायों में 75 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाये जाएंगे। इसकी 25 प्रतिशत राशी सम्बंधित संस्था द्वारा वहन की जाएगी। इन धर्मशालायों में बिना बैटरी बैंक के 5 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे।

धर्मेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 1 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सरकारी एवं गैर सरकारी गुरुकुल, कामकाजी महिला छात्रावास, अनाथालय, वृद्ध आश्रमों, बालगृह, नारी निकेतन, प्राकृतिक चिकित्सालय, रेडक्रास संस्थान तथा धर्मार्थ संस्थानों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। जिसकी 50 प्रतिशत की राशि संबंधित संस्था द्वारा दी जाएगी। इन संस्थानों में बिना बैटरी बैंक के 50 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाये जायेंगे। उपायुक्त ने यह भी बताया कि इच्छुक सामाजिक संस्थायें नीति आयोग के दर्पण पोर्टल पर पंजीकृत होनी अनिवार्य है।

---

## ध्वजा पैदल यात्रा हनुमान मंदिर खरावड़ से श्रीमेहंदीपुर बालाजी 15 को

**रोहतक।** 15 जुलाई को रोहतक से आठवीं डाक ध्वजा पैदल यात्रा रोहतक के अखंड ज्योत के साथ श्रीहनुमान मंदिर खरावड़ से चल कर श्रीमेहंदीपुर बालाजी राजस्थान पहुंचेगी। यह यात्रा श्रीबालाजी गणेश मंडल द्वारा लेकर जाएगी। मंडल के प्रधान ने बताया की यह उनकी आठवीं डाक ध्वजा पैदल यात्रा है इस यात्रा में दो बड़ी ध्वजाएं जाएगी ओर इस में 20 से 25 मेंबर होते है और दो मेंबर ध्वजाएं लेकर पैदल चलते है। उन्होंने बताया कि आगे एक गाड़ी में डीजे में श्रीबालाजी के भजन चलते रहते है और उनके पीछे एक गाड़ी में श्रीबालाजी महाराज का भव्य दरबार ओर अखंड ज्योत चलती है।

---

## पीजीआई के अनुबंधित कर्मचारियों का धरना 29वें दिन भी रहा जारी



**रोहतक।** पीजीआई के अनुबंधित कर्मचारियों का धरना सोमवार को 29वें दिन भी मेडिकल मोड़ स्थित ताऊ देवी लाल पार्क में शांति पूर्ण ढंग से जारी रहा। सभी कच्चे कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा के खिलाफ व स्थायी रोजगार की मांग को लेकर पार्क में डटे रहे और पीजीआई प्रशासन व ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को समर्थन देने के लिए कई संगठनों और जनप्रतिनिधियों का आना-जाना लगा रहा। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश प्रधान प्रीत सिंह धरनास्थल पर पहुंचे और कर्मचारियों की मांगों का खुला समर्थन किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी जातीं तो प्रदेशभर के किसान और मजदूर संगठन भी धरने में शामिल होकर बड़ा आंदोलन करेंगे। वार्ड-8 के पार्षद जयदीप डागर भी धरने में शामिल हुए और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ठेका प्रथा में कर्मचारियों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

---

### वित्त विभाग के मूल्यांकन के अनुसार डॉ. कुलताज से 18 लाख रुपये की रिकवरी होगी

# एमडीयू ने अपने सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन को दोबारा से दी शिक्षक की नौकरी, सभी 35 एजेंडे पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोमवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे से दोपहर को डेढ़ बजे तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद की मीटिंग हुई। इसमें इमसॉर के शिक्षक डॉ. अशोक कुमार को नौकरी से बर्खास्त करने के अलावा यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन को दोबारा से उनके विभाग गणित में दोबारा से नौकरी पर रखने समेत सभी 35 एजेंडे सर्वसम्मति से पारित हो गए। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने की। मीटिंग में वीसी ने कहा कि शिक्षण, प्रशासनिक व विकास संबंधी विषय शामिल रहे, जिनका उद्देश्य विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में और आगे बढ़ाना है। बैठक में इमसॉर निदेशक की अनुशंसा पर कक्षा एवं संस्थान में लगातार अनुपस्थित रहने के चलते प्राध्यापिका डॉ. अपर्णा भारद्वाज को निलंबित करने तथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। मालूम रहे कि कर्मचारियों की पुनःनियुक्ति का गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत गुट लगातार विरोध कर रहा है।

कार्यकारी परिषद की बैठक में हाल ही में कोर्ट के फैसले के मद्देनजर शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. कुलताज की पीएचडी की डिग्री को वापस लेने तथा समिति की सिफारिशों के अनुसार किसी भी वित्तीय लाभ की वसूली करने का निर्णय लिया गया। वित्त विभाग के मूल्यांकन के अनुसार डॉ. कुलताज सिंह से लगभग 18 लाख रुपए की रिकवरी की जाएगी।

कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बैठक में एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में आचार्य चाणक्य चेयर की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। यह चेयर आचार्य चाणक्य द्वारा प्रतिपादित शासन, अर्थव्यवस्था और नैतिकता के प्राचीन भारतीय सिद्धांत के अनुसंधान और प्रसार पर ध्यान केंद्रित करेगी।

कार्यकारी परिषद ने बैठक में शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मियों के समर्पण और वर्षों की सेवा को मान्यता देते हुए 16 शिक्षकों एवं 27 गैर शिक्षक कर्मियों की नियमानुसार पदोन्नतियों को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अलावा इस बैठक में यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों की फीस में जरूरतमंद और मेरिट होल्डर विद्यार्थियों को छूट देने समेत अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



**रोहतक।** कार्यकारी परिषद ने बैठक लेते कुलपति प्रो . राजबीर सिंह ।

#### ये रहे मौजूद

कार्यकारी परिषद की बैठक में कार्यकारी परिषद सदस्य- केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला के कुलपति प्रो. एसपी बंसल, भगत फूल सिंह महिला विवि की पूर्व कुलपति प्रो. सुषमा यादव, प्रो. बीबी गोयल, डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, प्रो. रणदीप राणा, प्रो. विनीता हुड्डा, प्रो. हरीश दूरेजा, प्रो. हरीश कुमार, प्रो. जितेन्द्र कुमार, डॉ. सुरेन्द्र दहिया, डॉ. नेत्र पाल, डॉ. उषा दहिया, डॉ. रश्मि गोयल, वित्त विभाग, हरियाणा सरकार नॉमिनी उप सचिव फाइनेंस सुमेर सिंह यादव, एसीएस हायर एजुकेशन नॉमिनी ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. यशपाल सिंह, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ प्रधान अनिल मल्होत्रा उपस्थित रहे।